ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, मंगलवार 11 मार्च 2025

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 2 अंक 01

पाकिस्तान में पैसेंजर ट्रेन हाईजैक:बलूच आर्मी का दावा-182 यात्री बंधक, 11 सैनिकों की हत्या; कहा- एक्शन लिया तो बंधक मारे जाएंगे



पाकिस्तान में बलूच लिबरेशन आर्मी (BLA) ने मंगलवार को जाफर एक्सप्रेस पर हमला कर उसे हाईजैक कर लिया। BLA ने बयान जारी कर बताया कि उसने 182 पैसेंजर्स को बंधक बना रखा है। पहले BLA ने 100 से ज्यादा यात्रियों को बंधक बनाने की बात कही थी।

BLA ने बयान में ये भी बताया कि अब तक 11 पाकिस्तानी सैनिक मारे जा चुके हैं और एक ड्रोन भी मार गिराया गया है। BLA के लड़ाकों का अब भी जाफर एक्सप्रेस पर पूरी तरह नियंत्रण बना हुआ है।

पाकिस्तान सरकार बोली- इमरजेंसी लागू; 4 बयान

क्वेटा से पेशावर जा रही ट्रेन पर पहरो कुनरी और गदालार के बीच भारी फायरिंग की खबर आई। इसके बाद इलाके में इमरजेंसी के आदेश जारी कर दिए गए। ट्रेन में 9 कोच थे, जिनमें 500 यात्री सवार थे। इसे हथियारबंद लोगों ने टनल नंबर-8 में रोक लिया। सरकार यात्रियों से संपर्क करने की कोशिश कर रही है। सरकार ने बताया कि मौके पर अफसरों को पहुंचने में मुश्किल आ रही है, क्योंकि यह पथरीला इलाका है।


क्वेटा के सरकारी अस्पतालों में इमरजेंसी लागू कर दी गई है। सभी डॉक्टरों, स्पेशलिस्ट, कंसलटेंट और नर्सों को अस्पताल पहुंचने कहा गया है।

BLA ने बयान जारी किया, कहा- हमने पटरियां उड़ा दीं

एक बयान में BLA ने कहा कि हमारे लड़ाकों ने माशकाफ, धादर और बोलान में इस ऑपरेशन को प्लान किया। हमने रेलवे ट्रैक को उड़ा दिया, जिसकी वजह से जाफर एक्सप्रेस रुकना पड़ा। इसके बाद हमारे लड़ाकों ने इस ट्रेन पर कब्जा कर लिया और यात्रियों को बंधक बना लिया। बंधकों में पाकिस्तानी सेना, पुलिस, एंटी-टेररिज्म फोर्स (ATF) और इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (ISI) के एक्टिव ड्यूटी कर्मचारी शामिल हैं, जो पंजाब जा रहे थे। हमने महिलाओं, बच्चों और बलूच यात्रियों को छोड़ दिया है और सिर्फ पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के कर्मियों को बंधक बनाया गया है।

इस ऑपरेशन का नेतृत्व BLA की फिदायीन यूनिट और मजीद ब्रिगेड कर रही है, जिन्हें फतेह स्क्वाड, STOS और जिराब इंटेलिजेंस विंग का समर्थन प्राप्त है। अगर हमारे खिलाफ कोई मिलिट्री ऑपरेशन करने की कोशिश की गई तो हम सभी बंधकों को मार देंगे। इस कत्ल-ए-आम की जिम्मेदारी पाकिस्तानी सेना की होगी।

UPI और RuPay कार्ड यूज करना हो सकता है महंगा:सरकार एक बार फिर मर्चेंट चार्ज लागू करने पर कर रही विचार



24 न्यूज अपडेट

सरकार UPI ट्रांजैक्शन और RuPay डेबिट कार्ड पर मर्चेंट चार्जेस यानी फीस फिर से लागू करने पर विचार कर रही है। द इकोनॉमिक टाइम्स ने दो वरिष्ठ बैंक अधिकारियों के हवाले से इस बात की जानकारी दी है। अभी इन पेमेंट मेथड्स पर कोई मर्चेंट डिस्काउंट रेट (MDR) नहीं लगाया जाता है, क्योंकि इन्हें नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) फैसिलिटी प्रोवाइड करती है। हालांकि, छोटे बिजनेस के लिए ट्रांजैक्शन को फ्री रखते हुए बड़े मर्चेंट्स पर फीस लगाने पर चर्चा चल रही है।

सरकार इस कदम पर क्यों विचार कर रही है?

एक बैंकर ने बताया कि बैंकों ने सरकार को एक फॉर्मल प्रपोजल पेश किया है। इस प्रपोजल में सुझाव दिया गया है कि MDR उन मर्चेंट्स पर लागू किया जाना चाहिए जिनका एनुअल GST टर्नओवर 40 लाख रुपए से ज्यादा है। सरकार एक टायर्ड प्राइसिंग सिस्टम शुरू करने का भी प्लान बना रही है। इस सिस्टम के तहत बड़े मर्चेंट्स को हायर चार्जेस का पेमेंट करना होगा। वहीं छोटे मर्चेंट्स को कम फीस देना होगा। एक बैंकर ने कहा, 'तर्क यह है कि अगर बड़े मर्चेंट्स जिनके पास कार्ड मशीनें हैं, वे वीजा और मास्टरकार्ड डेबिट काड्र्स और सभी टाइप के क्रेडिट कार्ड जैसे अन्य पेमेंट इंस्ट्रूमेंट्स पर MDR का पेमेंट कर रहे हैं, तो वे UPI और RuPay डेबिट कार्ड के लिए चार्जेस क्यों नहीं दे सकते?"

दत्तात्रेय होसबाले बोले- देश को इंडिया नहीं, भारत कहो:नोएडा में कहा- कॉन्स्टिट्यूशन ऑफ इंडिया नहीं, कॉन्स्टिट्यूशन ऑफ भारत लिखना चाहिए



राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (RSS) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा- अपने देश को इंडिया नहीं, भारत कहना चाहिए। इसे ठीक करना पड़ेगा। देश को दो नामों से क्यों जाना जा रहा है? इसे ठीक करना ही पड़ेगा। भारत है, तो भारत ही कहो।

दत्तात्रेय होसबाले नोएडा में सोमवार को 'विमर्श भारत का' पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा- क्या भारत एक जमीन का टुकड़ा है? या संविधान से चलने वाला केवल एक भारत? केवल ऐसा नहीं है, भारत एक जीवन दर्शन है, आध्यात्मिक प्रतिभूत है। विश्व को संदेश देने वाला विश्वगुरु है।

1- भारत है, तो भारत ही कहो

दत्तात्रेय होसबाले ने कहा- पिछले दिनों सरकार ने जी-20 सम्मेलन में राष्ट्रपति आवास पर भोज के लिए निमंत्रण में रिपब्लिक ऑफ भारत लिखा गया। कॉन्स्टिट्यूशन ऑफ इंडिया यानी भारत का संविधान, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया यानी भारत का रिजर्व बैंक। इस पर सवाल उठना चाहिए।

2- भारत के इतिहास को तोड़ा-मरोड़ा गया

आज भारत पूरी तरह से स्वतंत्र है, उसका मस्तिष्क स्वतंत्र है। पूरी दुनिया में विमर्श की लड़ाई है। पहले के दशकों में पढ़ाया जाता था कि भारत का गणित और विज्ञान के क्षेत्र में कोई योगदान नहीं। भारत के इतिहास को तोड़ा-मरोड़ा गया है, जबकि इसका इतिहास समृद्धि से भरा पड़ा है।

3- भारत बारे में भ्रामक बातें फैलाई गईं

भारत के बारे में बहुत भ्रामक बातें फैलाई गईं। कहा गया कि भारत केवल एक कृषि प्रधान देश है। यहां किसी भी प्रकार का उद्योग नहीं है, जबकि यह सत्य नहीं है। हम किसी भी क्षेत्र में कम नहीं थे। हमने अपने स्वाभिमान को खोया। हमारी शिक्षा पद्धतियां नष्ट हुईं। जो बाहरी आक्रांता आए, उन्होंने हमारे देश का दमन किया।

4- महाकुंभ विमर्श ने एक महासमर खोला

महाकुंभ विमर्श ने एक महासमर खोल दिया है। महाकुंभ से निकले हुए ऐसे कई विमर्श अलग-अलग दिशा में लोगों का मार्गदर्शन करेंगे। भारत में हजारों पंथ हैं। भारत में हमारे जो पूर्वज थे, उन्होंने निश्चय कर लिया था कि किसी भी स्थिति में अपनी संस्कृति की रक्षा करना है। अपने विचार को बचा कर रखना है। काल के प्रवाह में भी इस देश की कभी संस्कृति नष्ट नहीं हुई। हमारे देश के मनीषियों ने इसको अलग-अलग रूप में पेश किया है।

5- हमें सत्य लिखना और बोलना है

हमारा दायित्व बनता है कि हम पूरे भारत में शांति स्थापित करें। पूरे भारत में तरह-तरह के विमर्श नरेटिव के रूप में चलाए जाते हैं। हमें सत्य लिखना है, सत्य बोलना है। सत्य ही दिखाना है। यह बौद्धिक संघर्ष की बात है। जब बौद्धिक संघर्ष की बात आती है तो हमारा ध्येय सत्य की स्थापना, खोज और जीना होना चाहिए।

सेंसेक्स 12 अंक गिरकर 74,102 के स्तर पर बंद:इंडसइंड बैंक का शेयर 27% लुढ़का; अमेरिकी बाजारों में 4% तक की गिरावट



24 न्यूज अपडेट

अमेरिकी बाजारों में 4% तक की गिरावट का असर आज यानी, मंगलवार (11 मार्च) को भारतीय बाजारों पर नहीं दिखा। सेंसेक्स 12 अंक की मामूली गिरावट के साथ ये 74,102 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में 37 अंकों की तेजी रही। ये 22,497 पर बंद हुआ।

सुबह सेंसेक्स करीब 400 अंक गिरकर 73,663 के दिन के निचले स्तर पर आ गया था। निफ्टी भी 100 अंकों से ज्यादा फिसल गया। निफ्टी ने 22,314 का डे-लो बनाया।

सबसे ज्यादा तेजी रियल्टी शेयरों में रही। निफ्टी रियल्टी इंडेक्स 3.63% चढ़कर बंद हुआ। ऑयल एंड गैस इंडेक्स में 1.21% की तेजी रही। मेटल इंडेक्स 0.53% चढ़कर बंद हुआ। प्राइवेट बैंक के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट है। प्राइवेट बैंक इंडेक्स 1.38% गिरा है।

25% से ज्यादा गिरा इंडसइंड बैंक का शेयर

इंडसइंड बैंक के शेयरों में 27.06% की गिरावट रही। ये 243 रुपए गिरकर 656 रुपए पर बंद हुआ। बैंक ने 10 मार्च को एक्सचेंज फाइलिंग में बताया था कि इंटरनल रिव्यू में डेरिवेटिव पोर्टफोलियो में अकाउंटिंग डिस्क्रिपेन्सी यानी गड़बड़ी का पता चला है। इसके चलते बैंक की कमाई में कमी आ सकती है और नेटवर्थ 2.35% तक गिर सकती है।

'मस्जिदों पर लगे अनाधिकृत लाउडस्पीकर हटाए जाएंगे': CM देवेंद्र फडणवीस



मुंबई: महाराष्ट्र में मस्जिदों पर लगे अनाधिकृत लाउडस्पीकर हटाए जाएंगे. सीएम देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा में यह घोषणा की. भाजपा विधायक अतुल भातखलकर ने अनाधिकृत मस्जिदों पर लगे अनाधिकृत लाउडस्पीकरों पर सवाल उठाया था. विधानसभा बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री ने अनाधिकृत मस्जिदों पर लगे लाउड स्पीकर को लेकर बड़ी घोषणा की. मुख्यमंत्री ने विधानसभा में आश्वासन दिया है कि जिन पुलिस स्टेशन क्षेत्रों में अनाधिकृत मस्जिदों पर लाउडस्पीकर लगे हैं, वहां के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उसे हटाने का काम करेंगे.

क्या हुआ विधानसभा में: महाराष्ट्र विधानसभा में सोमवार को वित्त मंत्री अजित पवार ने राज्य का बजट पेश किया था. इसके बाद आज मंगलवार को बजट पर चर्चा की जानी थी. इस बीच आज सुबह विपक्ष ने विधान भवन की सीढ़ियों पर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया. विधानसभा भवन में प्रश्नोत्तर सत्र के बाद अलार्म बजा. भाजपा विधायक अतुल भातखलकर ने अनाधिकृत मस्जिदों पर अनाधिकृत रुप से लाउडस्पीकर बजाने का मुद्दा उठाया.

क्या कहा विधायक भातखलकर ने: भाजपा विधायक अतुल भातखलकर ने कहा, "मैंने मस्जिदों पर अनधिकृत लाउडस्पीकर का मुद्दा उठाया था. इस समय सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए फैसले के आधार पर मैंने अनुरोध किया कि अनाधिकृत मस्जिदों पर लगे लाउडस्पीकर हटा दिए जाएं. इस पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मस्जिदों पर लगे अनाधिकृत लाउडस्पीकर जल्द ही हटा दिए जाएंगे. गृह विभाग द्वारा कार्रवाई की जाएगी."

मुश्किलों में अरविंद केजरीवाल, कोर्ट ने दिया FIR दर्ज करने का आदेश




24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली: दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राउज एवेन्यू कोर्ट से बड़ा झटका लगा है. कोर्ट ने केजरीवाल के खिलाफ FIR दर्ज करने आदेश दिया है. कोर्ट ने शिकायतकर्ता शिव कुमार सक्सेना की अर्जी पर यह आदेश दिया है. कोर्ट ने दिल्ली पुलिस से 18 मार्च तक अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है.

कोर्ट में 2019 में दायर शिकायत में आरोप लगाया गया था कि केजरीवाल, पूर्व आप विधायक गुलाब सिंह और पूर्व पार्षद नितिका शर्मा ने दिल्ली में विभिन्न जगहों पर बड़े आकार के होर्डिंग लगाकर जानबूझकर सार्वजनिक धन का दुरुपयोग किया है. शिकायत में इन सब के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग की गई थी.

दुनिया के 20 सबसे प्रदूषित शहरों में 13 भारत के:मेघालय का बर्नीहाट टॉप, दिल्ली सबसे पॉल्यूटेड कैपिटल; ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड समेत 14 देश सबसे साफ



दुनिया को 20 सबसे प्रदूषित शहरों में 13 भारत के हैं। मेघालय का बर्नीहाट शीर्ष पर है। वहीं, दिल्ली सबसे प्रदूषित कैपिटल की कैटेगरी में टॉप पर है। स्विस एयर क्वालिटी टेक्नॉलॉजी कंपनी IQ एयर की 2024 की रिपोर्ट में ये जानकारी सामने आई है।

रिपोर्ट में भारत को दुनिया के सबसे प्रदूषित देशों में पांचवां स्थान दिया गया है। 2023 में हम तीसरे स्थान पर थे यानी पहले से दो स्थान नीचे आए हैं। मतलब भारत में पहले से प्रदूषण को लेकर कुछ सुधार हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2024 में भारत में PM 2.5 के स्तर में 7% की गिरावट देखी गई।

2024 में PM 2.5 का स्तर औसतन 50.6 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर रहा, जबकि 2023 में यह 54.4 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर था। फिर भी, दुनिया के 10 सबसे प्रदूषित शहरों में से 6 भारत में हैं। दिल्ली में लगातार प्रदूषण का लेवल हाई दर्ज किया गया। यहां PM 2.5 का सालाना औसत 91.6 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर रहा।

ओशिनिया दुनिया का सबसे साफ क्षेत्र

ओशिनिया साल 2024 में दुनिया का सबसे स्वच्छ क्षेत्र रहा। इसके 57% शहर WHO के दिशानिर्देशों को पूरा करते हैं।

रिपोर्ट के अनुसार दक्षिण-पूर्व एशिया के हर देश में PM2.5 के कंसंट्रेशन में कमी आई है, हालांकि सीमा पार धुंध और अल नीनो की स्थिति अभी भी प्रमुख फैक्टर बनी हुई है।

UN के मुताबिक, ओशिनिया में 14 देश हैं। इनमें ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, फिजी, पापुआ न्यू गिनी, नौरू, किरिबाती, माइक्रोनेशिया और मार्शल आइलैंड्स शामिल हैं।

सोना 209 रुपए गिरकर 85,723 रुपए पर आया:चांदी 95,875 रुपए प्रति किलो बिक रही, कैरेट के हिसाब से देखें गोल्ड की कीमत



24 न्यूज अपडेट

सोने-चांदी के दाम में आज यानी 11 मार्च को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 209 रुपए गिरकर 85,723 रुपए पर आ गया है। इससे पहले सोना 85,932 रुपए पर था। 19 फरवरी को गोल्ड ने 86,733 रुपए का ऑलटाइम हाई बनाया था।

एक किलो चांदी की कीमत आज 759 रुपए कम होकर 95,875 रुपए प्रति किलो पर आ गई है। इससे पहले चांदी का भाव 96,634 रुपए प्रति किलो था। चांदी ने 23 अक्टूबर 2024 को 99,151 रुपए प्रति किलो का ऑल टाइम हाई बनाया था।

संपादकीय : हिंसा का सिलसिला

मणिपुर में हिंसा की ताजा घटनाएं यह बताने के लिए काफी हैं कि यहां शांति बहाल करने और समस्या का कोई ठोस हल निकालने के लिए अब तक जितने भी प्रयास किए गए, उनके पीछे दूरदर्शिता की कमी रही। हैरानी की बात यह है कि राज्य में हिंसा की शुरुआत के बाद मई में अब दो वर्ष हो जाएंगे। इसके कारण आमतौर पर स्पष्ट रहे हैं कि यह टकराव मैतेई समुदाय को जनजातीय दर्जा देने के मसले से पैदा हुआ। इसके बावजूद राज्य से लेकर केंद्र सरकार की ओर से ऐसा कोई हल या प्रस्ताव सामने नहीं आ सका है, जिस पर संबंधित पक्षों के बीच सहमति बने और राज्य में शांति कायम हो । यह एक तरह से राज्य सरकार की नाकामी ही थी कि चौतरफा और लगातार सवाल उठने के बीच वहां के मुख्यमंत्री को आखिर इस्तीफा देना पड़ा। उसके बाद लागू राष्ट्रपति शासन में भी हिंसक घटनाओं पर काबू पाने और स्थिति में सुधार के मोर्चे पर अब तक आश्वासनों से आगे बढ़ कर कुछ भी ऐसा नहीं किया जा सका है, जो जमीनी स्तर पर स्थानीय लोगों और खासतौर पर हिंसा प्रभावित समुदायों के भीतर विश्वास पैदा करे और वे राज्य में शांति बहाली में भागीदारी निभाएं। गौरतलब है कि मणिपुर के कांगपोकपी में शनिवार को इंफल- दीमापुर उच्च मार्ग पर कुकी समुदाय और सुरक्षाबलों के बीच झड़प हुई, जिसमें एक व्यक्ति की जान चली गई। वहीं इस टकराव में सत्ताईस से ज्यादा जवान घायल हो गए। दरअसल, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मणिपुर में सभी सड़कों पर वाहनों की स्वतंत्र आवाजाही को लेकर एक निर्देश जारी किया था। राज्य में सबसे ज्यादा प्रभावित समुदाय के स्थानीय लोगों ने निर्देश का व्यापक विरोध किया, जिसके बाद तनाव बढ़ गया और अब फिर अराजकता की स्थिति में कांगपोकपी में कई इलाकों में कर्फ्यू लगाने की नौबत आई यह स्थिति तब है, जब मुख्यमंत्री के इस्तीफे के बाद वहां राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया है, वहां के राज्यपाल ने उपद्रवियों से सभी लूटे गए हथियार जमा करने को कहा है। अब तक पांच सौ से ज्यादा हथियार जमा भी किए जा चुके हैं। मगर यह साफ है। कि हिंसा को थामने और उससे भी ज्यादा समस्या के हल के लिए कुछ भी ऐसा ठोस नहीं किया गया है, जिससे स्थायी रूप से शांति कायम करने का कोई रास्ता निकले। सही है कि सड़कों पर बेरोकटोक आवाजाही सुनिश्चित करना स्थिति को सामान्य बनाने में एक सहायक कदम हो सकता है। लंबे समय से राज्य में जारी हिंसा के बीच संभवतः वहां के सभी प्रभावित लोग और समुदाय शांति की उम्मीद में होंगे। लेकिन यह भी ध्यान रखने की जरूरत है कि अगर यह समस्या के मूल कारणों को दूर किए बिना सतह पर कुछ किया जाता है, तो इसके नतीजे अनुकूल नहीं भी आ सकते हैं। ताजा हिंसा के बाद स्थानीय कुकी संगठनों की ओर से जैसी प्रतिक्रिया आई है, वह इसी का उदाहरण है। कुकी समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले एक संगठन की ओर यह कहा गया कि वे शांति का समर्थन करते हैं, लेकिन इस तरह के उपायों से नाराजगी और संघर्ष की स्थिति पैदा होगी। राज्य में हिंसा की शुरुआत के करीब पौने दो वर्ष बाद भी अगर हालात में कोई सुधार आता नहीं दिख रहा है, तो यह सरकारों के भीतर ईमानदार राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी को ही दर्शाता है। जब तक स्थायी शांति के लिए राजनीतिक स्तर पर ठोस समाधान नहीं निकाला जाता, तब तक तात्कालिक उपायों का शायद कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आएगा।

जीत का जज्बा

विजयरथ पर सवार भारतीय क्रिकेट टीम ने एक बार फिर इतिहास रच दिया। न्यूजीलैंड को हरा कर उसने जो खिताब हासिल किया, वह एक बार फिर बेहद खास उपलब्धि है। इस मायने में भी कि भारतीय टीम ने बारह साल बाद 'चैंपियंस ट्राफी जीती। इस तरह उसने अपनी दृढ़ता और समर्पण का ही परिचय दिया। भारतीय टीम ने लगातार अपने अभ्यास और लक्ष्य को साध कर जीत की पटकथा लिखी। आइसीसी चैंपियंस खिताब हासिल करने के लिए हमारे जांबाज खिलाड़ियों ने जिस जोश और लगन के साथ मैदान में प्रदर्शन किया, उस पर हर देशवासी को गर्व है। गौरतलब है कि इससे पहले भारत इंग्लैंड को हरा कर चैंपियन बना था, उसके बाद वर्ष 2002 में श्रीलंका के साथ संयुक्त रूप से खिताब जीता था। इस बार हमारी टीम ने पूरी दुनिया को बता दिया कि वह विश्व चैंपियन है। उसकी रंगों में जीत का रंग बहता है मैदान में पूरे जोश से खेलते हुए उसने अपने करोड़ों प्रशंसकों की आंखों में सपनों के कई रंग भर दिए खिताब हासिल करने के लिए टीम के सभी खिलाड़ियों के साथ रोहित शर्मा की बल्लेबाजी बेहद महत्त्वपूर्ण रही। बतौर कप्तान उन्होंने गेंदबाजों को आक्रामक बनाए रखते हुए न्यूजीलैंड को घुटने टेकने के लिए बाध्य कर दिया। खास बात यह कि उनके नेतृत्व में टीम किसी एक खिलाड़ी पर निर्भर नहीं रही। इस अहम खिताब को भारत के नाम करने के लिए श्रेयस अय्यर ने तो ऐसे समय बल्लेबाजी की, जब मैदान से रोहित के बाहर हो जाने से झटका लग चुका था। उनकी वजह से स्थिति संभली और फिर श्रेयस ने अक्षर पटेल के साथ शानदार पारी खेलते हुए भारत को जीत की दहलीज पर पहुंचा दिया। दोनों ने इकसठ रन की साझेदारी करते हुए जीत की सुनहरी पटकथा तैयार कर दी। मध्यम क्रम में केएल राहुल ने अपने चौंतीस रनों से भारत के विजय का परचम लहराने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इस तरह जीत के जज्बे से भरी भारतीय टीम ने अपने प्रशंसकों के लिए होली से पहले ही जश्न मनाने का अवसर दे दिया। फिलहाल भारतीय टीम के बीच जिस स्तर का तालमेल दिख रहा है, वह भविष्य में कामयाबी का एक बड़ा फलक तैयार करने की उम्मीद जगाता है।

एलिवेटेड रोड और स्मार्ट सिटी की विसंगतियों पर ज्ञापन देकर घेरा



24 न्यूज अपडेट

नगर निगम के पार्षद गौरव प्रताप सिंह के नेतृत्व में उदयपुर में उदियापोल से कोर्ट सर्कल तक बनने वाले एलिवेटेड रोड की विसंगतियां और उदयपुर स्मार्ट सिटी के कार्यों को लेकर आई परेशानियों पर नगर निगम उप आयुक्त को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में गौरव प्रताप सिंह ने बताया कि स्मार्ट-सिटी की रोड, जल , सिवरेज , स्पीड-ब्रेकर की परेशानिया एवं अव्यवस्था को लेकर अधिकारियों से वार्ता की ओर उनको अवगत करवाया कि पूरी ओल्ड सिटी में स्मार्ट सिटी के कार्यों से आम जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्मार्ट सिटी के अधिकारी मुकेश पुजारी ने सभी समस्याओं को सुना और जल्द ही समस्याओं के निराकरण की बात कही। इस अवसर पर पूर्व पार्षद बटूल हबीब, पूर्व सेवादल अध्यक्ष कौशल आमेटा , पूर्व पार्षदसंजय भगतानी मोहित मेनारिया, दीपक चौधरी, पार्षद प्रत्याशी महिमा चुग , यूथ कांग्रेस प्रदेश प्रभारी चेतन वागेला , मण्डल उपाध्यक्ष विशाल धाभाई मण्डल उपाध्यक्ष हर्षित सोनी , अमित शर्मा, कमलेश राठौड़, तुषार सोनी, गौरव पुर्बिया , मनन जैन , कमल सैनानी आदि मौजदू थे।

उदयपुर, सलूम्बर और राजसमंद के युवाओं को मिलेगा विधानसभा में बोलने का मौका

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 11 मार्च। भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय की ओर से विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मंगलवार को जिला कलक्टर नमित मेहता और पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने विकसित भारत युवा संसद पोस्टर का विमोचन किया। एमजी कॉलेज एनएसएस प्रभारी और युवा संसद की संयोजक डॉ सुनीता आर्य और डॉ सावित्री पाटीदार भी उपस्थित थीं। डॉ आर्य ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर युवाओं में उत्साह देखा जा रहा है और अब तक 500 से अधिक युवाओं ने पंजीयन करवाया है। युवा संसद के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 16 मार्च कर दी गई है। उदयपुर, सलूम्बर और राजसमन्द जिले के 18 से 25 वर्ष तक के युवा कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं। किसी भी संकाय के रेगूलर या प्राइवेट स्टूडेंट और पढ़ाई छोड़ चुके युवा भी शामिल हो सकते हैं। 'विकसित भारत से आप क्या समझते हैं' इस विषय पर एक मिनट का वीडियो बनाकर माय भारत पोर्टल पर विकसित भारत युवा संसद के इवेंट पेज पर 16 मार्च तक अपलोड करना होगा। द्वितीय चरण में चयनित 150 प्रतिभागी जिला स्तर पर आयोजित होने वाले फिजिकल राउंड में एक राष्ट्र एक चुनावः विकसित भारत के लिए मार्ग प्रशस्त विषय पर अपने विचार रखेंगे। 10 सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय युवा संसद में भाग लेने का मौका मिलेगा। राज्य स्तरीय युवा संसद राजस्थान विधानसभा में होने की संभावना है। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल 8696163508 पर और राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय या नेहरू युवा केंद्र उदयपुर में संपर्क कर सकते हैं।

होली पर पशुओं की सुरक्षा का रखें विशेष ध्यान

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 11 मार्च। पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान की ओर से होली के पर्व को देखते हुए आमजन से पशुओं की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने का आह्वान किया है। संस्थान के उपनिदेशक डॉ सुरेन्द्र छंगाणी ने बताया कि होली का पर्व उल्लास एवं उमंग का प्रतीक होता है ऐसे में अपने आनन्द एवं खुशी के लिये पशुओं को नुकसान नहीं पंहुचाये। होली के पर्व में कई लोग मनोरंजन की दृष्टि से पशुओं पर रंग, गुलाल, पानी फेंकते है जिससे पशु को झुंझलाहट होती है। कई बार रंग पशुओं की आंख में भी चला जाता है। पशु भयभीत रहता है। पालतू श्वान में आघात पहुंचने से उसका खाना पीना बंद हो जाता है एवं तेज बुखार आने की संभावना रहती है। डॉ. छंगाणी ने कहा कि पशुओं के पानी पीने के स्थान एवं आहार को रासायनिक रंगों से दूर रखने का आह्वान किया है। साथ ही उन्होंने पशु के साथ किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर तुरन्त नजदीकी पशु चिकित्सालय से संपर्क करने को कहा है।

सामूहिक दुष्कर्म के मामले में दो महीने से फरार 10 आरोपी गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

जयपुर 11 मार्च। बारां जिले में थाना छीपाबड़ौद पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म के मामले में दो महीनों से फरार चल रहे 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जिनमे से तीन आरोपियों को जेल भेजा गया, बाकी सात आरोपियों का पुलिस कस्टडी रिमाण्ड प्राप्त किया गया।

बारां एसपी राज कुमार चौधरी ने बताया कि महिला से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस थाना छीपाबडोद के प्रकरण संख्या 18/2025 धारा 363.366.376(2)(एन),376(डी) ,323.344.384.506.120बी आईपीसी का अनुसंधान अधिकारी वृताधिकारी वृत छबडा विकास कुमार द्वारा अनुसंधान किया जा रहा है।

अनुसंधान अधिकारी सीओ छबड़ा कुमार के सुपरविजन में एसएचओ छीपाबड़ौद अजीत सिंह मय टीम द्वारा गैगरैप के फरार आरोपियों भरत सिह मीणा पुत्र जमना लाल (34), उसके भाई रणजीत मीणा (40), अर्जुन मीणा (28), दशरथ सिह उर्फ सुरेश मीणा (32) व मान सिह मीणा (29) निवासी सलावद थाना घाटोली जिला झालावड एवं तूफान सिह मीणा पुत्र पातु लाल (30), मान सिह मीणा पुत्र पाथु लाल (27) निवासी नई बस्ती अकलेरा झालावाड, रमेश मीणा पुत्र गिरधारी लाल (33), चांदमल मीणा पुत्र हीरालाल (51) निवासी काजल्या थाना अकलेरा जिला झालावाड एवं मोर सिह मीणा पुत्र भीमराज (27) निवासी सलावद थाना घाटोली को अथक प्रयासो से गिरफ्तार कर अवकाश कालीन मजिस्ट्रेट एसीजेएम क्रम 02 छबडा के समक्ष पेश किया।

जहां से मजिस्ट्रेट ने आरोपी मोर सिह मीणा, मान सिह मीणा एवं चांदमल मीणा को 23 मार्च, 2025 तक न्यायिक हिरासत में भेजा गया है, शेष 7 आरोपियों का 05 दिन का पीसी रिमाण्ड प्राप्त कर अनुसंधान किया जा रहा है।

इस कार्रवाई में थानाधिकारी थाना छीपाबडौद अजीत सिह सहित एएसआई मोहन लाल, हैड कांस्टेबल अशफाक, कांस्टेबल, सुरेश, सुभाष, सुनिल व अशोक शामिल थे।

वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर होगा बांसवाड़ा में एडवोकेट चैम्बर्स का निर्माण



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि बांसवाड़ा के नवनिर्मित न्यायालय में अधिवक्ताओं के लिए टीन शेड़ निर्मित है। बांसवाड़ा में 30 एडवोकेट चैम्बर्स बनवाने का प्रस्ताव राजस्थान उच्च न्यायालय से प्राप्त होने पर वित्तीय संसाधन की उपलब्धता के लिए प्रकरण वित्त विभाग को प्रेषित किया गया। वित्तीय संसाधन उपलब्ध नहीं होने से एडवोकेट चैम्बर्स का निर्माण नहीं हो सका। उन्होंने आश्वस्त किया कि भविष्य में वित्तीय संसाधन उपलब्ध होने पर बांसवाड़ा में एडवोकेट चैम्बर्स के निर्माण कार्य पर राज्य सरकार गंभीरता से विचार करेगी। विधि एवं विधिक कार्य मंत्री मंगलवार को प्रश्नकाल में इस संबंध में सदस्य द्वारा पूछे गये पूरक प्रश्न का जवाब दे रहे थे।इससे पहले विधायक कैलाश चन्द्र मीणा के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र गढ़ी में सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय को वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में क्रमोन्नत करने के प्रस्ताव को राजस्थान उच्च न्यायालय की कमेटी द्वारा अस्वीकार कर दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्तमान में गढ़ी में सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय को वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में क्रमोन्नत करने का कोई प्रस्ताव राजस्थान उच्च न्यायालय में लंबित नहीं है। उन्होंने आश्वस्त किया कि राजस्थान उच्च न्यायालय से भविष्य में प्रस्ताव प्राप्त होने पर तथा वित्तीय संसाधन की उपलब्धता पर राज्य सरकार द्वारा इस संबंध में गंभीरता से विचार किया जाएगा।

गोवर्धनविलास पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध सख्त कार्रवाई



24 न्यूज अपडेट

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल (भा.पु.से.) के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) गोपाल स्वरूप मेवाठा के सुपरविजन में, वृताधिकारी गिर्वा सूर्यवीर सिंह राठौड़ के निर्देशन में और थानाधिकारी गोवर्धनविलास दिलीप सिंह झाला के नेतृत्व में अवैध शराब के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में 7 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध शराब जब्त की गई, साथ ही 12,000 लीटर वॉश को मौके पर नष्ट किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः

लक्ष्मण मीणा (34), निवासी पानया फला, बारापाल – 5 लीटर महुआ शराब।
केसुलाल (20), निवासी खरपीना फला, काकरसेदा – 53 पव्वे देशी मदिरा लॉयन।
लक्ष्मण गमेती (30), निवासी नेला, हाल जोगीतालाब – 5 लीटर महुआ शराब।
प्रकाश कुमावत (45), निवासी 51 खेरादवाड़ा, चारभुजा मंदिर, सूरजपोल – 50 पव्वे देशी मदिरा गुलाब।
प्रभुलाल (44), निवासी सुरो का फला – 5 लीटर महुआ शराब।
हिरालाल (45), निवासी सेठ जी की कुण्ठाल – 5 लीटर महुआ शराब।
शंकर बागरिया (33), निवासी किटोडा, काया – 5 लीटर महुआ शराब।

पुलिस टीमः

थानाधिकारी दिलीप सिंह झाला के नेतृत्व में मनोहर सिंह, कालु लाल, प्रताप सिंह, हेमेन्द्र सिंह, संजय कुमार, विरेन्द्र कुमार, जितेन्द्र कुमार, अंकितराज सिंह, विरेन्द्र सिंह, राजमल आदि पुलिसकर्मियों ने अभियान को सफल बनाया।

कचरे में फेंका नवजात, पुलिया के नीचे मिला शव



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर के अंबामाता थाना क्षेत्र में पंचवटी स्थित गुमानिया पुलिया के नीचे गंदगी के बीच एक नवजात का शव पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। नवजात लड़का था, जिसका शव सफेद चादर में लिपटा हुआ था। उसके सिर और पेट पर खून के निशान थे। ऐसे में संभावना है कि नवजात को करीब 20 फीट ऊंची पुलिया से ही सीधे नीचे फेंका गया हो। आसपास लोगों ने जब नवजात के शव को देखा तो पुलिस को इसकी सूचना दी। अंबामाता थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। घटना का पता लगने पर पुलिया पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। इससे ट्रेफिक जाम हो गया। पुलिस ने भीड़ को हटाकर ट्रेफिक व्यवस्था बहाल कराई। वहीं, नवजात के शव को एमबी हॉस्पिटल मॉर्च्युरी में शिफ्ट कराया। जानकारी अनुसार नवजात को कोई रात के समय फेंककर गया है। उसे जिंदा या मृत फेंका गया। इस मामले की भी पुलिस जांच कर रही है। थानाधिकारी मुकेश सोनी ने बताया कि नवजात को पुलिया के नीचे कौन फेंककर गया है, इसका पता लगाने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है। जल्द ही आरोपियों को पकड़ा जाएगा।

उदयपुर में एयरगन की सफाई करते हुए गोली चली, मौत



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर के घंटाघर थाना क्षेत्र में गलती से खुद के हाथ से चली एयरगन से युवक की बीती देर रात मौत हो गई। थानाधिकारी सुनिल शर्मा ने बताया कि घाणेराव घाटी निवासी अरविंद पालीवाल(45) पिता रामचन्द्र पालीवाल की सोमवार रात को इलाज के दौरान मौत हो गई। वे रविवार रात को इंडियन क्रिकेट टीम की जीत की खुशी मना रहे थे। तभी एयरगन लेकर बैठे हुए थे। अचानक गलती से उनके हाथ से फायर हो गया। एयरगन की नली मुंह की तरफ होने से छर्रा उनके सिर पर लग गया। इससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए।


अस्पताल में इलाज के दौरान मौत

घायल को आनन-फानन में परिजन तुरंत एमबी हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। जहां सोमवार करीब 11:30 बजे उनकी इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को हॉस्पिटल मोर्चरी में रखवाया। मंगलवार को शव का पोस्टमॉर्टम हुआ। जिसके बाद शव परिजनों को सुपुर्द किया गया।

नीचे वाले फ्लोर पर गन की सफाई कर रहे थे

मृतक के परिचित तेज शंकर पालीवाल ने बताया कि परिवारजनों से पूछताछ में पता लगा है कि मृतक अरविंद अपने मकान के ग्राउंड फ्लोर पर एयरगन की सफाई कर रहे थे। बाकी पूरा परिवार फर्स्ट फ्लोर पर बैठा हुआ था। उनके हाथ से गलती से फायर हो गया। आवाज सुनकर परिवार दौड़कर नीचे आया। तो अरविंद गिरे हुए पड़े थे। उन्हें तुरंत हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। उनके परिवार में दो लड़कियां हैं।

जयपुर का सरकारी इंजीनियर 50 से ज्यादा प्लॉट का मालिक : एसीबी की छापेमारी; करोड़ों का इंवेस्टमेंट, इनकम से 253 फीसदी ज्यादा कमाई



24 न्यूज अपडेट

जयपुर में एंटी करप्शन ब्यूरो (ACB) की टीम ने जयपुर विकास प्राधिकरण (JDA) के अधीक्षण अभियंता के ठिकानों पर छापेमारी की है। एसीबी को इंजीनियर अविनाश शर्मा की आय से अधिक संपत्ति की शिकायतें मिल रही थीं, जिसके बाद लंबे समय से उन पर नजर रखी जा रही थी।

मंगलवार सुबह से जारी इस कार्रवाई में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। टीम को आरोपी इंजीनियर के पास जयपुर के विभिन्न पॉश इलाकों की 25 से अधिक कॉलोनियों में 50 से ज्यादा प्लॉट मिले हैं। इतना ही नहीं, प्रारंभिक जांच में 6.25 करोड़ रुपए से अधिक की अन्य प्रॉपर्टी और निवेश का भी पता चला है। एसीबी ने इस मामले में 5 टीमों को लगाया है। एक टीम जहां जेडीए कार्यालय में सर्च कर रही है, वहीं दूसरी टीम को चाकसू नगर पालिका भेजा गया है, जहां भी कई संपत्तियों की जानकारी मिली है। अधिकारी मौके पर मिले नकद की गिनती के लिए कैश काउंटिंग मशीन का इस्तेमाल कर रहे हैं। एसीबी के अनुसार कार्रवाई अभी जारी है और जांच में और भी बड़े खुलासे हो सकते हैं।

करोड़ों रुपए का निर्माण भी कराया है

अविनाश शर्मा ने जयपुर में गोपालपुरा मोड़, मानसरोवर, सांगानेर, पृथ्वीराज नगर , जगगतपुरा, प्रतापनगर, एवं रिंग रोड के आसपास 50 से ज्यादा जमीन ली हुई हैं।


करोड़ों रुपए का निर्माण कार्य भी कई प्लॉट में कराया गया है। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी ने भ्रष्टाचार करते हुए गृह निर्माण समितियों एवं बिल्डर्स को लाभ पहुंचाकर काफी कम दरों पर जमीनें ली हैं।

जिन की खरीद के समय भी कीमत करोड़ों में थी। अविनाश शर्मा और उनके परिवार के लोगों के 7 बैंक खातों में 30 लाख रुपए की भी जानकारी मिली है।

शर्मा ने बेटियों की स्कूली शिक्षा, कोचिंग एवं उच्च शिक्षा मणिपाल यूनिवर्सिटी, पूर्णिमा यूनिवर्सिटी में करीब 50 लाख रुपए खर्च किए हैं।

अविनाश ने म्यूचुअल फंड में करीब 90 लाख रुपए का इंवेस्ट किया हुआ है। उसके पास 25 लाख रुपए की कीमत की गाड़ियां भी हैं।

जयपुर के 3 बिजनेसमैन के पास मिले 6.52-करोड़ के गहने: 4.72 करोड़ कैश और 25 लाख रुपए की विदेशी करेंसी भी जब्त की गई



24 न्यूज अपडेट

जयपुर सहित तीन शहरों (जयपुर, लालसोट और बहरोड़) में कारपेट, बिल्डर और कार्गो सर्विस फर्म से जुड़े तीन कारोबारियों पर IT रेड सोमवार देर रात (चौथे दिन)खत्म हो गई है। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की ओर से 26 ठिकानों पर सर्च किया जा रहा था।

कारोबारियों के ठिकानों में सर्च के साथ ही सोमवार को 9 लॉकरों की जांच की गई और शेष 4 लॉकरों पर पीओ लगाया गया। सर्च में मिले 4.72 करोड़ रुपए कैश और 6.52 करोड़ रुपए के गहने जब्त किए गए है। इसके साथ ही 25 लाख रुपए की विदेशी करेंसी भी जब्त की गई है। अधिकांश परिसरों में मिले मोबाइल, डेस्कटॉप और लैपटॉप जैसे डिजिटल उपकरणों की क्लोनिंग पूरी हो चुकी है।

इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के सूत्रों के मुताबिक, बिजनेसमैन अनिल गुप्ता, अशोक पाटनी और शब्बीर खान के जयपुर, लालसोट और बहरोड़ स्थित 22 ठिकानों पर शुक्रवार को छापेमारी शुरू की थी। अगले दिन शनिवार को 2 और ठिकाने बढ़ने पर 24 जगह सर्च किया गया था। इसके बाद जांच का दायरा बढ़ा तो 2 और ठिकाने बढ़ गए थे। इसके बाद 26 ठिकानों पर सर्च किया गया। जो सोमवार देर रात खत्म हो गई।

8 दिन में 10 करोड़ लेने का मिला डेटा

बिजनेसमैन शब्बीर खान ने साल-2014 में दुबई में 76 लाख रुपए के निवेश की बात स्वीकार की है। उनके पास अभी तक निवेश के स्त्रोत के बारे में कोई रिकॉर्ड नहीं है। विदेशी संपत्ति की लिस्ट में इसका खुलासा नहीं किया गया है। समूह के एक प्रमुख कर्मचारी ने समूह की रियल एस्टेट परियोजनाओं की बिक्री में बेहिसाब कैश मिलने का रिकॉर्ड रखने की बात स्वीकार की है। पेनड्राइव और हार्ड डिस्क में डिजिटल रूप में रखे गए डेटा को बरामद कर क्लोन किया गया। डेटा 8 दिन में 10 करोड़ रुपए की बेहिसाब कैश लेने से संबंधित है। इसके साथ ही भूमि खरीद के लिए 14 करोड़ रुपए की बेहिसाब कैश के पेमेंट करने के सबूत देने वाला एक इकरारनामा भी मिला है।

भरतपुर में पकड़ा अवैध हथियारों का जखीरा : 8 अवैध हथियार, पिस्टल की 2 मैगजीन, 1 जिन्दा कारतूस सहित तीन कुख्यात बदमाश गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

जयपुर 11 मार्च। एन्टी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने भरतपुर जिले के थाना गढ़ी बाजना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई कर अवैध हथियारों का जखीरा पकडा है। टीम ने जयपुर एवं आसपास के क्षेत्र के आपराधिक गिरोह को अवैध हथियार सप्लाई करने की तैयारी कर रहे भरतपुर व धौलपुर के तीन कुख्यात बदमाशों को गिरफ्तार कर कुल 8 अवैध पिस्टल, देशी कट्टा व पौना सहित पिस्टल की 2 मैगजीन व 1 जिन्दा कारतूस जब्त किए हैं।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स श्री दिनेश एम.एन के निर्देशन में राजस्थान में सक्रिय गैंग, गैंगस्टर्स एवं अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले गिरोहों के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा हैं। इसी क्रम में उप महा निरीक्षक पुलिस श्री योगेश यादव व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सिद्वान्त शर्मा के सुपरविजन एवं एसआई नरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में एएसआई दुष्यन्त सिंह, हैड कांस्टेबल शाहिद अली, कांस्टेबल रविन्द्र सिंह, एवं महेन्द्र सिंह को भरतपुर सम्भाग में आसूचना संकलन के लिए रवाना किया गया था।

एडीजी श्री एमएन ने बताया कि आ सूचना संकलन में सोमवार को टीम को सूचना प्राप्त हुई कि आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने के लिये भरतपुर जिले के पुलिस थाना गढी बाजना क्षेत्र में कुछ अपराधी अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले हैं, जो इन हथियारों से किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम दे सकते हैं। सूचना पर एजीटीएफ टीम एसएचओ गढी बाजना मय जाप्ता के साथ सिद्ध बाबा मन्दिर के पास पहुंची।

जहां आसूचना के अनुसार तीन संदिग्ध व्यक्ति खड़े थे, जो बावर्दी पुलिस टीम को देख घबरा कर खेतों की तरफ भागने लगे। बमुश्किल पुलिस टीम ने तीनों बदमाशों को पकड़ नाम पता पूछा तो राजेश उर्फ राजू उर्फ बनकट पुत्र बृजमोहन सुनार उम्र 50 साल निवासी खिडकी गेट कस्बा वैर भरतपुर, विजेन्द्र गुर्जर पुत्र अमर सिंह उम्र 45 साल निवासी हिनोता थाना मनियां जिला धौलपुर एवं स्वरूप सेन पुत्र छोट लाल उम्र 20 साल निवासी भरतपुर गेट कस्बा वैर भरतपुर बताया।

तीनों बदमाशों को डिटेन कर तलाशी ली गई तो राजेश उर्फ राजू की आंट से एक लोडेड पिस्टल, विजेन्द्र की आंट से एक देशी कट्टा 315 बोर एवं स्वरूप की आंट से एक देशी कट्टा 315 बोर मिला। बदमाश राजेश व विजेन्द्र के हाथ में मिले बैग में 1 पिस्टल मैग्जीन खाली, 1 कट्टा पौना 315 बोर व 4 कट्टे 315 बोर के बरामद किये गये।

उक्त अवैध हथियारों के जखीरे के बारे में पूछने पर अभियुक्तों ने बताया कि ये हथियार जयपुर व आसपास के क्षेत्रों में भारी रकम प्राप्त कर सप्लाई करने वाले थे। अभियुक्त राजेश उर्फ राजू व विजेन्द्र के विरूद्ध धौलपुर, भरतपुर जिले में फायरिंग, जानलेवा हमला करने, डकैती तथा अन्य गम्भीर प्रवृति के एक दर्जन से अधिक प्रकरण दर्ज है।

अवैध हथियारों के सम्बंध में तीनों बदमाशों से सघन अनुसंधान जारी है। इस संबंध में थाना गढी बाजना, जिला भरतपुर में प्रकरण दर्ज कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर अवैध हथियार जप्त किए गए। जिनसे अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है।

इस सम्पूर्ण कार्रवाई में एजीटीएफ टीम के उप निरीक्षक नरेन्द्र सिंह, एएसआई दुष्यन्त सिंह, हैड कांस्टेबल शाहिद अली, कांस्टेबल रविन्द्र सिंह, व महेन्द्र सिंह की विशेष भूमिका एवं कांस्टेबल संजय का सराहनीय सहयोग रहा। थाना गढी बाजना से एसएचओ पृथ्वी सिंह, एएसआई दरब सिंह, हैड कांस्टेबल भरत सिंह, कांस्टेबल राधेलाल, प्रदीप, मनोज कुमार व चालक करन सिंह शामिल थे।

जयपुर हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, 13 वर्षीय रेप पीड़िता को गर्भपात की अनुमति



24 न्यूज अपडेट

जयपुरः राजस्थान हाईकोर्ट की जयपुर बेंच ने एक महत्वपूर्ण फैसले में 13 वर्षीय रेप पीड़िता को 27 सप्ताह 6 दिन (लगभग 7 महीने) के गर्भ को समाप्त करने की अनुमति दे दी है। जस्टिस सुदेश बंसल की अदालत ने अपने आदेश में कहा कि अगर पीड़िता को बच्चे को जन्म देने के लिए मजबूर किया जाता है, तो उसे जीवन भर मानसिक और शारीरिक पीड़ा का सामना करना पड़ेगा।

फैसलाः राजस्थान हाईकोर्ट (जयपुर बेंच) ने 13 वर्षीय रेप पीड़िता को 27 सप्ताह 6 दिन (लगभग 7 महीने) के गर्भ को समाप्त करने की अनुमति दी।

न्यायाधीशः जस्टिस सुदेश बंसल ने यह फैसला सुनाया।

कारणः अदालत ने कहा कि पीड़िता को जबरदस्ती बच्चा जन्म देने के लिए मजबूर करना उसके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए गंभीर पीड़ा का कारण बनेगा।

मेडिकल बोर्ड की रिपोर्टः अदालत ने तीन विशेषज्ञ डॉक्टरों की मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर फैसला लिया। रिपोर्ट में कहा गया कि गर्भपात में कुछ जोखिम हैं, लेकिन यह संभव है।

महत्वपूर्ण बिंदुः पीड़िता की इच्छाः उसने खुद बच्चे को जन्म देने से इनकार किया।

मानसिक स्वास्थ्यः अदालत ने MTP एक्ट, 1971 के तहत यह स्पष्ट किया कि बलात्कार के कारण हुई गर्भावस्था मानसिक स्वास्थ्य के लिए गंभीर नुकसानदेह होती है।


भ्रूण का भविष्यः अगर भ्रूण जीवित रहता है, तो राज्य सरकार के खर्च पर उसका पालन-पोषण किया जाएगा। अगर नहीं, तो डीएनए रिपोर्ट के लिए उसके टिश्यू सुरक्षित रखे जाएंगे। माता-पिता की सहमतिः पीड़िता के माता-पिता भी गर्भपात के पक्ष में थे।

कानूनी आधारः MTP एक्ट, 1971: रेप पीड़िता और नाबालिग लड़कियों को 24 सप्ताह तक गर्भपात की अनुमति है। 24 सप्ताह से अधिक होने पर, मेडिकल बोर्ड की सिफारिश के बाद अदालत की अनुमति जरूरी होती है। दिसंबर 2024 गाइडलाइनः हाईकोर्ट ने रेप पीड़ितों के अधिकारों को स्पष्ट करने के लिए दिशानिर्देश जारी करने की मंशा जताई थी।

इस फैसले का महत्वः

यह फैसला रेप पीड़िताओं के अधिकारों और उनके मानसिक स्वास्थ्य की संवेदनशीलता को दर्शाता है। अदालत ने पीड़िता की इच्छा और मेडिकल रिपोर्ट को प्राथमिकता दी। भविष्य में ऐसे मामलों में न्यायिक प्रक्रिया को अधिक स्पष्ट और संवेदनशील बनाने की दिशा में यह एक मिसाल हो सकता है।

फर्जी दस्तावेजों से एएनएम बनीं दो महिलाएं, कानूनी कार्रवाई शुरू



24 न्यूज अपडेट

बांसवाड़ाः जिले के घाटोल क्षेत्र में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता (ANM) की नौकरी हासिल करने का मामला सामने आया है। रीना मीणा और ज्योति राणा ने 10वीं की जाली मार्कशीट के जरिए स्वास्थ्य विभाग में भर्ती ली थी। मामला उजागर होने के बाद अब दोनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू हो चुकी है।

कैसे हुआ फर्जीवाड़ा उजागर?

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (CMHO), बांसवाड़ा के निर्देश पर खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी (BCMO), घाटोल ने दोनों महिलाओं के दस्तावेजों की जांच करवाई। सत्यापन के लिए इनकी 10वीं की मार्कशीट मध्यप्रदेश राज्य ओपन स्कूल, भोपाल भेजी गई, जहां से पुष्टि हुई कि यह मार्कशीट नकली हैं।

नियुक्ति से लेकर धोखाधड़ी तक

रीना मीणा को उपस्वास्थ्य केंद्र छोटी पडाल और ज्योति राणा को उपस्वास्थ्य केंद्र उदाजी का गढ़ा में 2020 में नियुक्त किया गया था। वर्षों तक यह मामला दबा रहा, लेकिन हाल ही में जांच के दौरान फर्जीवाड़ा पकड़ में आ गया।

पुलिस ने किया केस दर्ज

खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, घाटोल की शिकायत पर पुलिस ने धारा 420 (धोखाधड़ी), 467 (जालसाजी), 468 (धोखाधड़ी के लिए जालसाजी) और 471 (फर्जी दस्तावेज का उपयोग) के तहत मामला दर्ज किया है। घाटोल थाना प्रभारी प्रवीण सिंह सिसोदिया ने बताया कि मामले की गहराई से जांच की जा रही है। यह भी देखा जाएगा कि क्या इस भर्ती प्रक्रिया में कोई और व्यक्ति शामिल था या अन्य स्थानों पर भी ऐसा फर्जीवाड़ा हुआ है।

प्रशासन का सख्त रुख

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि भर्ती में गड़बड़ी और फर्जी दस्तावेजों के जरिए सरकारी नौकरी हासिल करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। अब इस तरह की नियुक्तियों की गहन जांच कराई जाएगी ताकि भविष्य में ऐसी धोखाधड़ी न हो सके।

बांसवाड़ा जिले में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। प्रशासन और पुलिस की जांच आगे क्या मोड़ लेती है, इस पर सबकी निगाहें टिकी हैं।

फर्जी दस्तावेज़ से एएनएम नियुक्ति (मार्च 2025): दो महिलाओं, रीना मीणा और ज्योति राणा, ने फर्जी 10वीं कक्षा की अंकतालिकाएँ जमा कर महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता (एएनएम) पद पर नियुक्ति प्राप्त की। सत्यापन में दस्तावेज़ नकली पाए जाने पर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई।

प्रदेश में एक हजार नवीन आंगनबाड़ी केन्द्र खोले जाने की स्वीकृति जारी - महिला एवं बाल विकास मंत्री



24 न्यूज अपडेट

जयपुर, महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि बजट वर्ष 2024-25 में प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र में 5-5 नवीन आंगनबाड़ी केन्द्र खोले जाने की घोषणा की गयी थी। इसके तहत एक हजार नवीन आंगनबाड़ी केन्द्र खोले जाने की स्वीकृति जारी की जा चुकी है तथा 994 आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन भी प्रारंभ हो गया हैं।

महिला एवं बाल विकास मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस सम्बन्ध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रही थी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित नोर्म्स के अनुसार ग्रामीण एवं शहरी परियोजना के अंतर्गत 400 से 800 की आबादी पर एक, 800 से 1600 पर 2, 1600 से 2400 पर 3 तथा इसी तरह 800 के गुणांक में एक अतिरिक्त आंगनबाड़ी खोलने का प्रावधान है। जनजातीय, मरुस्थलीय एवं दुर्गम क्षेत्रों में 300 से 800 की आबादी पर एक आंगनबाड़ी खोलने का प्रावधान है। उन्होंने सदन को आश्वस्त किया कि इन निर्धारित मापदंडों के अनुसार नए आंगनबाड़ी खोलने के प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजे गए है।

महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा कि प्रथम चरण में 365 आंगनबाड़ी केन्द्रों को आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र में विकसित करने के लिए विभाग द्वारा प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी कर विकसित करने का कार्य प्रारम्भ किया गया है। साथ ही 2 हजार आंगनबाड़ी केन्द्रों को आदर्श आंगनबाड़ी केन्द्रों में उन्नयन करने की कार्यवाही भी की जा रही है।

इससे पहले विधायक श्री रोहित बौहरा के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में महिला एवं बाल विकास मंत्री ने बताया कि एक हजार नवीन आंगनबाड़ी केन्द्र खोले जाने से शेष रही 6 आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन प्रारंभ करने की कार्यवाही भी शीघ्र कर दी जावेगी।

UDA ने बलीचा जंक्शन के री-इंजीनियरिंग के लिए 30 लाख की DPR का टेंडर जारी किया



24 न्यूज अपडेट

उदयपुरः उदयपुर विकास प्राधिकरण (UDA) ने शहर के प्रमुख बालिचा जंक्शन के री-इंजीनियरिंग के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (DPR) तैयार करने हेतु परामर्श सेवाओं के लिए टेंडर आमंत्रित किया है। इस परियोजना की अनुमानित लागत 30 लाख है और इसे चार महीने में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। यह परियोजना यातायात प्रबंधन में सुधार और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रभावी समाधान तैयार करने के लिए शुरू की गई है। इस परियोजना के अंतर्गत वर्तमान ट्रैफिक पैटर्न और समस्याओं का अध्ययन, ऑरिजिन-डेस्टिनेशन सर्वेक्षण और टर्निंग मूवमेंट काउंट, भविष्य की यातायात वृद्धि का 30 वर्षों तक पूर्वानुमान किया जाएगा। न्यूनतम दो से तीन विकल्पों के साथ सामान्य व्यवस्था ड्राइंग (GAD) तैयार किया जाएगा तथा भौगोलिक और संरचनात्मक अध्ययन किया जाएगा। मिट्टी की गुणवत्ता का परीक्षण, आवश्यक ड्रिलिंग और बोर होल सर्वेक्षण किया जाएगा और विस्तृत संरचनात्मक डिजाइन और अनुमोदन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। विस्तृत अनुमान और टेंडर दस्तावेज तैयार करने के साथ-साथ उपयोगिता स्थानांतरण योजना और लागत विश्लेषण किया जाएगा। प्रस्तावित निर्माण कार्य के लिए अंतिम डिजाइन और अनुमोदन होगा तथा IIT/NIT या अन्य संबंधित संस्थानों द्वारा डिजाइन का सत्यापन किया जाएगा।

टेंडर डाउनलोड करने की तिथि 11 मार्च 2025 सुबह 10:00 बजे से 20 मार्च 2025 शाम 6:00 बजे तक निर्धारित की गई है। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 20 मार्च 2025 शाम 6:00 बजे तक है और तकनीकी बोली 21 मार्च 2025 सुबह 11:00 बजे खोली जाएगी। बोली प्रपत्र शुल्क 500 और ईएमडी (Earnest Money Deposit) 60,000 निर्धारित की गई है। परियोजना की कुल लागत 30 लाख है।

निविदाकर्ता के पास पिछले पाँच वित्तीय वर्षों में परामर्श कार्य का अनुभव होना चाहिए। उसे शहरी क्षेत्र में फ्लाईओवर, अंडरपास, रेलवे ओवर ब्रिज (ROB), रेलवे अंडर ब्रिज (RUB) या री-इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट के लिए DPR तैयार करने का अनुभव होना चाहिए। यातायात सर्वेक्षण, संरचनात्मक डिज़ाइन और निर्माण ड्रॉइंग का अनुभव आवश्यक है। निविदाकर्ता द्वारा पूर्व में तैयार की गई संरचना की अनुमानित निर्माण लागत 50 करोड़ से कम नहीं होनी चाहिए। निविदाकर्ता को 10 वर्षों का परामर्श अनुभव होना चाहिए तथा GST पंजीकरण प्रमाण पत्र और नवीनतम GST रिटर्न जमा करना अनिवार्य होगा।

परियोजना को तीन चरणों में पूरा किया जाएगा। यदि पहला चरण सफल होता है, तो ही दूसरे चरण को स्वीकृति मिलेगी। परामर्शदाता को समय सीमा के भीतर कार्य पूरा करना अनिवार्य होगा। देरी की स्थिति में 1% प्रति सप्ताह का जुर्माना लगेगा जो अधिकतम 10% तक हो सकता है। कार्य समाप्ति के बाद तीन महीने तक परफॉर्मेंस सिक्योरिटी बरकरार रहेगी। इच्छुक फर्में UDA, उदयपुर की आधिकारिक वेबसाइट पर 11 मार्च 2025 से 20 मार्च 2025 तक ऑनलाइन टेंडर दस्तावेज़ प्राप्त कर सकती हैं। अधिक जानकारी के लिए UDA के कार्यकारी अभियंता विजय प्रकाश पटेल से संपर्क किया जा सकता है। उदयपुर विकास प्राधिकरण के अनुसार, यह परियोजना शहर के यातायात प्रबंधन में सुधार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम होगी। इच्छुक कंपनियाँ नियत समय में अपनी निविदा जमा कर सकती हैं।

1630 गांव-ढाणियों को पक्की सड़कों से जोड़ेंगे, 3 हजार 500 करोड़ की लागत से 5 हजार किमी सड़कें बनाई जाएगी



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, जयपुर। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चतुर्थ चरण में प्रदेश की लगभग 1630 बसावटों को पक्की सड़कों से जोड़ा जायेगा। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बताया कि अनुमानित 3 हजार 500 करोड़ की लागत से लगभग 5 हजार किमी पक्की सड़कों का निर्माण करवाकर दूरदराज के गांवों, ढ़ाणियों/बसावटों को सर्वकालिक सड़कों से जोड़ा जायेगा। उपमुख्यमंत्री ने मंगलवार को उपमुख्यमंत्री कार्यालय में सार्वजनिक निर्माण विभाग के अन्तर्गत स्थापित राजस्थान ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्रदेश की सभी बसावटों को सर्वकालिक पक्की सड़कों से जोडना हमारी पहली प्राथमिकता है। इससे न केवल परिवहन सुगम एवं तीव्र होगा बल्कि आर्थिक विकास के भी नये द्वार खुलेगें । सर्वे में प्रथम रहे है, क्रियान्वयन में भी शीर्ष पर रहे- उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिस प्रकार पीएमजीएसवाई चतुर्थ चरण में सड़कों के सर्वे में प्रदेश देश में शीर्ष पर रहा है, उसी गति से सड़क निर्माण में भी काम करवायें ओर प्रदेश को देश में शीर्ष स्थान पर लायें। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय से यथाशीघ्र स्वीकृतियां प्राप्त करके शीघ्र सड़कों का निर्माण शुरू करवायें। गौरतलब है कि उपमुख्यमंत्री के नेतृत्व में सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चतुर्थ चरण के अन्तर्गत प्रदेश की 1630 ग्रामीण बसावटों में सड़कों हेतु सर्वे का कार्य 31 जनवरी से पूर्व ही करवाया जा चुका है। देश में राजस्थान द्वारा यह सर्वे सबसे पहले पूरा करवाया गया है। इसके तहत 1374 मरूस्थलीय, जनजातीय एवं आशान्वित जिला/ब्लॉक कार्यक्रम के अन्तर्गत चिन्हित बसावटों, 500 से 999 आबादी की 191 बसावटों, 1000 एवं उससे अधिक की 30 बसावटों तथा धरती आभा-जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अन्तर्गत 35 बसावटों को सर्वकालिक पक्की सड़कों से जोड़ा जायेगा। उपमुख्यमंत्री ने इस बात पर खुशी व्यक्त की प्रदेश का पीएमजीएसवाई के अन्तर्गत निर्मित सड़कों में लम्बाई के दृष्टिकोण से देश में दूसरा स्थान है। उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन कार्यक्रम के तहत करवाये जा रहे सड़क निर्माण कार्यों को गति प्रदान करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रवीण गुप्ता, मुख्य अभियंता एवं अतिरिक्त सचिव टी सी गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

मिलावट के खिलाफ अभियान-बीकानेर में 8100 किलो घटिया मावा जब्त



24 न्यूज अपडेट

जयपुर, 11 मार्च। मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देश पर प्रदेशभर में मिलावट के खिलाफ प्रभावी अभियान चलाया जा रहा है। 'शुद्ध आहार, मिलावट पर वार' अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा आयुक्त श्री एच गुईटे के निर्देशन में मंगलवार को बीकानेर में कार्रवाई करते हुए 8100 किलो घटिया क्वालिटी का मावा पकड़ा गया।

अतिरिक्त आयुक्त श्री पंकज ओझा ने बताया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि दो पिकअप वैन में घटिया क्वालिटी का मावा सप्लाई के लिए जा रहा है। प्राप्त सूचना के आधार पर फलौदी और बज्जू से आ रही पिक-अप को नाल में रूकवा कर तलाशी ली गयी। इन दोनों वैन से 405 टिन में 8,100 किलो मावा पकड़ा गया। मावे में तेल की मिलावट पाई गई है। उरमूल डेयरी प्लान्ट पर स्थित लैब पर मावे की जाँच की जा रही है।

सीएमएचओ डॉ. पुखराज साध के नेतृत्व में बीकानेर के खाद्य सुरक्षा दल ने यह कार्रवाई की। कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री भानु प्रताप सिंह गहलोत, श्री श्रवण कुमार वर्मा, श्री सुरेन्द्र कुमार और श्री राकेश गोदारा शामिल रहे।

महिला अत्याचार पर बने कड़ा कानून, फांसी की सजा का हो प्रावधानः विधायक आक्या



24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभानसिंह आक्या ने मंगलवार को विधानसभा में स्थगन प्रस्ताव पर बोलते हुए सरकार से राजस्थान में महिला अत्याचार पर सख्त सजा का कानुन बनाने की मांग की।

विधायक आक्या ने विधानसभा में स्थगन प्रस्ताव पर बोलते हुए कहा की गत कांग्रेस राज में महिलाओ पर अत्याचार की बहुत घटनाएं हुई। इसके विपरीत वर्तमान की भजनलाल शर्मा सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल में महिला उत्पीड़न की घटनाओं में बहुत कमी आयी है। इसके बावजूद कुछ दर्दनाक घटनाएं जिसमें 14 नवम्बर 2024 को उदयपुर के गोगुन्दा में दो चचेरी बहनो द्वारा उनके साथ हुई जघन्य वारदात के बाद जहर खाकर आत्महत्या करना जिसमें समाज विशेष के लोग शामिल थे। इसी क्रम में अजमेर में 11 वीं कक्षा की बालिकाओ के साथ दुष्कर्म व उन्हें ब्लेक मेल कर घर से पांच लाख रूपये मंगाने की घटना व वर्तमान में विजयनगर में बालिकाओं के साथ हुई दर्दनाक वारदात जिसका सम्पूर्ण राजस्थान में विरोध हो रहा है। ऐसी घटनाओं की जितनी निंदा की जाए कम है तथा सरकार को ऐसे जघन्य अपराधो पर अंकुश लगाने के लिए फांसी की सजा देने का प्रावधान करते हुए कड़ा कानुन बनाना चाहिए।

बिजली मित्र मोबाइल एप : डिजिटल इंडिया मिशन की मंशा का साकार रूप आमजन को अपने स्मार्टफोन पर मिल रही है विद्युत निगम की सेवाएं




24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 11 मार्च। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की डिजिटल इंडिया मिशन की मंशा को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (एवीवीएनएल) ने उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए 'बिजली मित्र' मोबाइल एप लॉन्च किया है। यह मोबाइल एप उपभोक्ताओं को बिजली से संबंधित विभिन्न सेवाओं का लाभ डिजिटल माध्यम से प्रदान करता है, जिससे सेवाओं में पारदर्शिता और सुलभता बढ़ी है। यह एंड्रॉयड मोबाइल एप प्ले स्टोर पर निःशुल्क उपलब्ध है।

बिजली मित्र एप की विशेषताएं बिजली मित्र ऐप उपभोक्ताओं को निम्नलिखित सेवाएं प्रदान करता हैः बिजली बिल भुगतानः उपभोक्ता अपने बिजली बिल का भुगतान घर बैठे ऑनलाइन कर सकते हैं, जिससे समय और श्रम की बचत होती है। शिकायत दर्ज करनाः बिजली कटौती, मीटर खराबी या अन्य समस्याओं की शिकायतें सीधे एप के माध्यम से दर्ज की जा सकती हैं, जिससे त्वरित समाधान संभव होता है। बिजली उपभोग की जानकारीः उपभोक्ता अपने मासिक बिजली खपत और बिल इतिहास की जानकारी ऐप के डैशबोर्ड पर देख सकते हैं, जिससे वे अपनी बिजली खपत पर निगरानी रख सकते हैं। मीटर डिटेल्सः मीटर से संबंधित सभी जानकारी एप पर उपलब्ध होती है, जिससे उपभोक्ताओं को अतिरिक्त जानकारी के लिए एवीवीएनएल कार्यालय जाने की आवश्यकता नहीं होती। मुख्यमंत्री श्री शर्मा की मंशा है कि डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में भी सरकारी सेवाएं आसानी से पहुंच सकें। बिजली मित्र एप के माध्यम से बिजली सेवाओं की डिजिटल उपलब्धता से ग्रामीण उपभोक्ताओं को भी लाभ होगा, जिससे उनकी जीवन गुणवत्ता में सुधार होगा। मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने राज्य को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के लिए कई पहल की हैं। उन्होंने हाल ही में 'अटल ज्ञान केन्द्रों' की स्थापना की घोषणा की, जो ग्रामीण युवाओं को रोजगार और प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करेंगे। इन केन्द्रों पर ई-मित्र की तर्ज पर विभिन्न जन-सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे ग्रामीण स्तर पर आमजन के कार्य सुलभ और सुगम होंगे। बिजली मित्र एप इसी डिजिटल दृष्टिकोण का हिस्सा है, जो बिजली सेवाओं को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर लाकर उपभोक्ताओं के अनुभव को बेहतर बनाता है। ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर राज्य सरकार का लक्ष्य राजस्थान को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है। मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा है कि राजस्थान अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में निवेश के लिए एक सुनहरा अवसर प्रस्तुत करता है, जिससे राज्य न केवल अपनी बल्कि अन्य राज्यों की बिजली मांग को भी पूरा करने में सक्षम होगा। बिजली मित्र एप के माध्यम से बिजली सेवाओं की डिजिटल उपलब्धता से उपभोक्ताओं को सशक्त बनाया जा रहा है, जो राज्य की ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने लोकसभा में पीएम किसान योजना के संतृप्ति अभियान को लेकर उठाया सवाल



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली/राजसमंद। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान राजसमंद की माननीय सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने माननीय केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से "भारत सरकार द्वारा पीएम किसान योजनाओं से वंचित किसानों को शामिल करने के लिए चलाए जाने वाले संतृप्ति अभियान" के संबंध में प्रश्न पूछा।

इस पर माननीय मंत्री शिवराज सिंह ने जवाब देते हुए सदन को आश्वस्त किया कि सरकार ने पीएम किसान पोर्टल और मोबाइल ऐप विकसित किया है, जिससे लाभार्थियों को स्व-पंजीकरण की सुविधा मिलती है। इसके साथ ही चेहरा पहचान आधारित ई-केवाईसी जैसी सेवाएं भी इस पोर्टल पर उपलब्ध हैं। उन्होंने यह भी बताया कि देशभर में पांच लाख से अधिक कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) हैं, जहां किसान पंजीकरण करवा सकते हैं। मंत्री ने यह भी बताया कि समय-समय पर संतृप्ति अभियान चलाए जाते हैं, ताकि कोई भी पात्र किसान छूट न जाए।

मंत्री जी ने अंत में यह भी कहा कि हम हर एक पात्र किसान को पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ देने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

एमपीयूएटीः प्राकृतिक खेती के लाभप्रद मॉडल करने होंगे विकसित-डॉ. मेहता



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर 11 मार्च, 2025। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर के तत्वाधान में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित जैविक खेती पर अग्रिम संकाय प्रशिक्षण केन्द्र के अन्तर्गत 21 दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम ''प्रकृति के साथ सामंजस्यः प्राकृतिक खेती में अनुसंधान और नवाचार'' का समापन अनुसंधान निदेशालय, उदयपुर में पूर्व माननीय कुलपति, डॉ. एस. एल. मेहता की अध्यक्षता में 11 मार्च, 2025 को सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर पूर्व कुलपति डॉ. एस. एल. मेहता ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्राकृतिक कृषि को यदि हमें कृषकों के मध्य प्रचलित रूप में स्थापित करना है तो विश्वविद्यालय वैज्ञानिकों एवं प्रसार अधिकारियों को इसके लाभप्रद मॉडल विकसित करने होंगे। तभी कृषक प्राकृतिक खेती को अपनायेगें। डॉ. मेहता ने कहा कि प्राकृतिक खेती को वृहद रूप से अनुसरणिय बनाने के लिए गांवों के समुह बनाने होंगे जो संयुक्त रूप से प्राकृतिक खेती को एक साथ अपनाये तथा इन गांवों के प्राकृतिक व जैविक उत्पादों के क्रय विक्रय के लिए FPOs बनाने होंगे। कृषि में उपयोग होने वाले रसायनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने हेतु कृषकों को रसायनों के प्रयोग न करने के लिए प्रोत्साहन अधिक अनुदान एवं अन्य सुविधाओं के रूप में देना चाहिए। डॉ. मेहता ने सभी प्रतिभागियों को 21 दिवसीय प्रशिक्षण उपरान्त प्रमाण पत्र वितरित किये एवं सभी से आह्वान किया कि अपने-अपने राज्यों में जाकर ब्रांड एम्बेसेडर की भूमिका निभाये। विदित् है कि प्रशिक्षण में 6 राज्यों के 25 वैज्ञानिक भाग ले रहे थे। डॉ अरविंद वर्मा, निदेशक अनुसंधान एवं कोर्स डायरेक्टर ने अतिथियों का स्वागत किया एवं प्रशिक्षणार्थीयों को दिये गये प्रशिक्षण का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। डॉ. वर्मा ने बताया कि यह 21 दिवसीय प्रशिक्षण वैज्ञानिकों के लिए प्राकृतिक खेती के विभिन्न घटकों पर चिंतन, मनन एवं विश्लेषण के लिए एक मंच के रूप में सहायक सिद्ध हुआ। जिसमें वैज्ञानिक ज्ञान एवं विचारों का आदान-प्रदान किया। वर्तमान परिस्थिति में प्राकृतिक खेती के समक्ष मानव स्वास्थ्य सुधार, प्रर्यावरण सुरक्षा के साथ-साथ लाभप्रदता एक बडी चुनौती है। डॉ. वर्मा ने बताया कि पूरे प्रशिक्षण में 33 सैद्धान्तिक व्याख्यान, 8 प्रयोग प्रशिक्षण एवं 6 प्रशिक्षण भ्रमणों द्वारा प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया। प्राकृतिक खेती पर सुदृढ़ साहित्य विकसित कर प्रतिभागियों को उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम में डॉ. आर. एल. सोनी, निदेशक, प्रसार शिक्षा निदेशालय, डॉ. अमित त्रिवेदी, क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान, उदयपुर आदि उपस्थित थे। डॉ. रविकांत शर्मा, सहनिदेशक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण समन्वयक ने कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन किया एवं कार्यक्रम का संचालन डॉ. लतिका शर्मा, सहआचार्य ने किया।

भरतपुर से गुजरेगी हावड़ा-खातीपुरा एवं उदयपुर सिटी-फारबिसगंज स्पेशल ट्रेन



24 न्यूज अपडेट

पश्चिम मध्य रेलवे कोटा मंडल त्योहारी एवं ग्रीष्मकालीन सीजन के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते दो स्पेशल ट्रेन चलाएगा. हावड़ा-खातीपुरा (जयपुर) और उदयपुर सिटी-फारबिसगंज के बीच विशेष साप्ताहिक ट्रेन भरतपुर होकर संचालित की जाएगी.

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक एवं जनसंपर्क अधिकारी सौरभ जैन ने बताया कि गाड़ी संख्या 03007 हावड़ा-खातीपुरा (जयपुर) स्पेशल 16 मार्च शाम 6:00 बजे को हावड़ा से चलेगी. अगले दिन रात 7:30 बजे भरतपुर और रात 11:30 बजे खातीपुरा (जयपुर) पहुंचेगी. वापसी में गाड़ी संख्या 03008 खातीपुरा-हावड़ा स्पेशल 18 मार्च को सुबह 5.30 बजे खातीपुरा से प्रस्थान करेगी और सुबह 8.40 बजे भरतपुर पहुंचेगी. इसके बाद यह अगले दिन दोपहर 3.15 बजे हावड़ा पहुंचेगी. गाड़ी संख्या 09623 उदयपुर सिटी-फारबिसगंज स्पेशल 11 और 18 मार्च को उदयपुर सिटी से शाम 4.05 बजे रवाना होगी. अगले दिन रात 2.00 बजे भरतपुर व गुरुवार सुबह 5.30 बजे फारबिसगंज पहुंचेगी. वापसी में गाड़ी संख्या 09624 फारबिसगंज-उदयपुर सिटी स्पेशल 13 और 20 मार्च को सुबह 9.00 बजे फारबिसगंज से प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 11.20 बजे भरतपुर पहुंचेगी. इसके बाद शनिवार रात 12.40 बजे उदयपुर सिटी पहुंचेगी. यह स्पेशल ट्रेन राणा प्रताप नगर, मावली, चंदेरिया, भीलवाड़ा, बिजयनगर, नसीराबाद, अजमेर, किशनगढ़, जयपुर, बांदीकुई, भरतपुर, ईदगाह, टूंडला, इटावा, गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीनदयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, बेगूसराय, खगड़िया, नवगछिया, कटिहार, पूर्णिया, अररिया कोर्ट और अररिया रूकेगी. इस ट्रेन में 01 सेकंड एसी, 03 थर्ड एसी, 01 थर्ड एसी इकॉनमी, 05 स्लीपर, 04 सामान्य श्रेणी, 01 पावरकार और 01 एसएलआर सहित कुल 16 कोच होंगे.

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।